27 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 3/27/2025 10:02 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 28 मार्च 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 आसमान साफ होते ही गर्मी के तेवर शुरू



## खबर संक्षेप

### मंत्री लक्ष्मी के सम्मान में रैंप वॉक आज

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाई देने और महिला एवं बाल विकास तथा समाज



कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के सम्मान में 28 मार्च को नारी सशक्तिकरण का महाकुंभ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम माता राजमोहिनी ऑडिटोरियम में होगा, जहां विश्व रिकॉर्ड स्तर का महिला सशक्तिकरण रैंप वॉक किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं भाग लेंगी तथा विभिन्न श्रेणियों में रैंप वॉक के जरिए नारी शक्ति, आत्मनिर्भरता और सामाजिक योगदान का प्रदर्शन करेंगी। रैंप वॉक, सेल्फ-लव, मॉम एण्ड किड्स, देवरानी-जेठानी, प्राउड होममेकर, पैशन एण्ड प्रोफेशन, नो एज लिमिट होगा। प्रतिभागी को 1000 एवं दर्शकों को 500 का गिफ्ट हैंपर प्रदान किया जाएगा।

### ओम प्रकाश और सिमरन का नेटबॉल के लिए चयन

**अंबिकापुर।** सरगुजा नेटबॉल संघ के खिलाड़ी ओम प्रकाश और सिमरन भगत का चयन छत्तीसगढ़





प्रदेश टीम के लिए। छत्तीसगढ़ प्रदेश फर्स्ट फाइप बालक टीम मे ओम प्रकाश और बालिका टीम में सिमरन भगत को शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश बालक-बालिका टीम हरियाणा के भिवानी में 29 मार्च तक आयोजित राष्ट्रीय फर्स्ट फाइप सब जुनियर नेटबाल चैम्पियनशिप में भाग लेगी। सरगुजा जिला से ओम प्रकाश स्थानीय नेहरू विद्या मंदिर स्कूल नमनाकला, अंबिकापुर का छात्र है और सिमरन भगत जी माउंट लिटर स्कूल अंबिकापुर की छात्रा है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिला में नेटबॉल खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है, सरगुजा जिला में नेटबॉल खेल से राष्ट्रीय स्तर पर सरगुजा पहचान बन रहा है।

### आंगनबाड़ी संचालन समय में परिवर्तन

**बलरामपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर के द्वारा वर्तमान में तेज गर्मी को देखते हुए आदेश जारी कर जिले में संचालित होने आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। पूर्व आदेश में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन की अवधि को 6 घण्टे निर्धारित करते हुए प्रातः 9.30 बजे से 3.30 बजे तक करने के निर्देश जारी किए गये थे। वर्तमान समय में भीषण गर्मी से बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान रखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों को 1 अप्रैल 2025 से 30 जून तक प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक संचालित करने के निर्देश जारी किए गये हैं। ग्रीष्मकाल समाप्ति उपरांत पुनः 1 जुलाई से आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन प्रातः 9.30 बजे से 3.30 बजे तक किया जाएगा।

### राज्य ओपन हाई स्कूल परीक्षा प्रारंभ, 127 अनुपस्थित

**अम्बिकापुर।** छग राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा संचालित की जाने वाली हाईस्कूल मुख्य परीक्षा प्रारंभ हो गई है। हिन्दी विषय की परीक्षा 11 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। डीईओ से गठित दल द्वारा शा कन्या. उमावि, नगरपालिका निगम उमावि,. बतौली, बालक सीतापुर, लुण्ड्रा एवं उदयपुर का निरीक्षण किया गया। सभी केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक संचालित होना पाया गया। परीक्षा में पंजीकृत दर्ज संख्या 1497 में से 1370 उपस्थित पाए गए एवं 127 अनुपस्थित रहे।



रमज़ान मुबारक

सताईसवां रोज़ा

आज का इफ्तार - 6.14 बजे

कल की सेहरी - 4.29 बजे

## राज्यपाल ने ली जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक, योजनाओं की हुई समीक्षा

# शासन की योजना का भौतिक रूप से मूर्तरूप लेना सबसे अहम : डेका



राज्यपाल का अभिवादन करते कलेक्टर।



पौधरोपण करते राज्यपाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका गुरुवार को जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान राज्यपाल श्री डेका ने हितग्राहीमूलक योजनाओं का जायजा लेने के साथ ही समूह की दीदियों से मुलाकात की। राज्यपाल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया इसके साथ ही उन्होंने संयुक्त कलेक्टोरेट कार्यालय में सर्व विभाग प्रमुखों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन की योजना को भौतिक रूप से मूर्तरूप लेना सबसे अहम है। इसके लिए आवश्यक है कि अधिकारी प्रत्येक स्तर पर योजना की समीक्षा करे और यह सुनिश्चित करे कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिले। अधिकारी योजनाओं के लिए क्रियान्वयन हेतु भौतिक निरीक्षण करने के साथ ही नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने

**खास बात**

- कहा-बाल विवाह जैसी कुरीति जड़ से हो समाप्त

उन्होंने जल संरक्षण अभियान को प्राथमिकता के साथ जिले में लागू करने की बात कही ताकि पानी की कमी से जूझने वाले क्षेत्र में भूमिगत जल के लेवल को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा जन संरक्षण से संबंधित केंद्र व राज्य शासन की योजनाएं जिसमें जल शक्ति अभियान व अन्य शामिल है, ये सभी शासन की दूरदर्शी योजनाएं है, जिनका उद्देश्य आने वाले भविष्य के लिए सुरक्षा कवच तैयार करना है। बैठक में पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी अहम चर्चा की गई। जिसमें पौधा रोपण के पश्चात रोपित पौधों का सर्वाइवल रेट बेहतर हो इस बात पर विशेष फोकस रखने की बात कही गई। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के सफल कियान्वयन के लिए सभी को अपनी सहभागिता प्रस्तुत करने की बात कही। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ की पहचान कृषि से है, इसलिए आवश्यक है कि यहां के कृषक बंधुओं द्वारा की जा रही खेती से उन्होंने लाभ मिले और उनके जीवन में वैल्यू एडिशन हो। उन्होंने उप संचालक कृषि को ज्यादा से ज्यादा मृदा परीक्षण करवाने के निर्देश दिये ताकि कृषक बंधु इस बात से परिचत हो सके कि उन्हें अपने खेत में कौन से पोषक तत्वों की आवश्यकता है और वैज्ञानिक पद्धति के साथ जुड कर वो बेहतर फसल प्राप्त कर सके। बैठक में बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से समाप्त करने के लिए ज्यादा से ज्यादा जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये गये। जिले के विद्यार्थी, बच्चे व युवक सकारात्मक दिशा में आगे बढ़े और उनका बेहतर भविष्य निर्माण हो इसके लिए उनके सामाजिक और नैतिक पहलुओं पर शैक्षणिक स्थानों को विशेष बल देने का बात कही।

बैठक में पर्यटन स्थलों को लेकर भी चर्चा की गई। जिन्हें योजनाबद्ध तरीके से विकसित करने के निर्देश दिये गये ताकि अन्य जिले व अन्य राज्य से लोग जिले के पर्यटन स्थल के ओर अकर्षित हो और उनका आवागमन जिले में बढ़े। ट्रेफिक नियमों को लेकर उन्होंने युद्ध स्तर पर अभियान चलाने व ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन हो इसके निर्देश दिये। बैठक में अन्य महत्पूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तापूर्वक चर्चा विभागवार की गई। इसके पूर्व कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिले के प्रशासनिक सेट-अप के साथ साथ जिले की सामान्य जानकारी राज्यपाल को प्रदान की। इस दौरान एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर, अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, सर्व एसडीएम व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन राशि व सहायक उपकरण का वितरण

अपने सूरजपुर प्रवास के दौरान राज्यपाल रमेन डेका द्वारा विभिन्न शासकीय योजना के तहत हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि का चेक एवं सामग्री प्रदाय किया गया। ग्राम पंचायत करवां के जुगेश्वर बड़ा व श्रीमती रूतबाई तिग्गा को राज्यपाल द्वारा दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन राशि 1 लाख रूपये व सुगम्य केन प्रदान किया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत रघुनाथपुर के दिव्यांग शोभित राम रजक को मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान किया गया।

### रोपित किया बरगद का पौधा

राज्यपाल श्री डेका के एक दिवसीय प्रवास पर कलेक्ट्रेट परिसर में उनके आगमन पश्चात उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पश्चात उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में बन रहे नये गार्डन में बरगद के पौधे का रोपण किया।

### रेड क्रॉस के सदस्यों से की मुलाकात

राज्यपाल श्री डेका से रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष और सदस्यों ने मुलाकात की। रेडक्रॉस सोसायटी के जिला शाखा के गतिविधियों के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए उन्होंने जिले में इसकी सदस्यता बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके अलावा टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में रेडक्रॉस को सहयोग करने व टीबी उन्मूलन कार्यक्रम गतिविधि को तीव्र करने की बात कही । साथ ही उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष और सदस्यों को जिले में स्वास्थ्य सेवा बढ़ाने में बेहतर से बेहतर कार्य करने की बात कही ।

### समूह की दीदियों से की मुलाकात

राज्यपाल श्री डेका ने सिलफिली में ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत एकता महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित श्रृगांर, मैचिंग व साड़ी सेंटर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्व. सहायता दीदियों के साथ संवाद किया और महिलाओं से बात कर उनके गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने दीदियों की बिजनेस स्किल की तारीफ की। उन्होने समूह के कार्य की प्रशंसा करते हुए उद्यम के लिए अन्य महिलाओं को प्रेरित करने की बात कही।

# राज्यपाल ने किया पर्यटन स्थल उल्टा पानी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका अपने दो दिवसीय प्रवास में सरगुजा मैनपाट पहुंचे। राज्यपाल गुरुवार को मैनपाट में ही रात्रि विश्राम करेंगे जबकि शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान राज्यपाल ने मैनपाट के पर्यटन स्थलों का निरीक्षण करने के साथ ही सनसेट का आनंद लिया

- महिला हितग्राहियों से की चर्चा, महेता प्वाइंट में लिया सनसेट का आनंद

बता दें कि प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका गुरुवार की देर शाम अपने दो दिवसीय प्रवास के तहत सरगुजा पहुंचे है। राज्यपाल गुरुवार को मैनपाट में ही रुकेंगे। मैनपाट पहुंचने पर राज्यपाल का संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर, एसपी योगेश पटेल ने स्वागत किया। प्रवास के दौरान राज्यपाल श्री डेका ने पर्यटन स्थल उल्टा पानी पर्यटन स्थल का दौरा किया और वहां के प्राकृतिक नजारे का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल श्री डेका ने पर्यटन स्थल पर स्थित दुकानों में महिलाओं से मुलाकात की और शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भरता और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात उन्होंने मेहता प्वाइंट का दौरा किया जहां उन्होंने सनसेट (सूर्यास्त) का आनंद लिया। राज्यपाल ने पर्यटन स्थल के सौंदर्यीकरण और सुविधाओं के विस्तार पर भी चर्चा की, जिससे पर्यटकों को और अधिक आकर्षित किया जा सके। गौरतलब है कि राज्यपाल 28 मार्च को तिब्बती मॉनेस्ट्री का भ्रमण करेंगे और अम्बिकापुर स्थित सैनिक स्कूल के छात्रों से संवाद करेंगे। इसके अलावा, राज्यपाल श्री डेका एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण करेंगे। अपने प्रवास के दौरान राज्यपाल रमेन डेका केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी लेंगे। इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, एसडीएम फागेश सिन्हा, नीरज कौशिक सहित पुलिस विभाग एवं प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे।



पर्यटन स्थल उल्टापानी का निरीक्षण करते राज्यपाल।

# घर तोड़कर चौड़ीकरण के बदले वैकल्पिक उपायों पर ध्यान दे विभाग : सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने कहा है कि सुगम यातायात के लिए लोगो का घर तोड़कर सड़क चौड़ीकरण करने के बजाए वैकल्पिक उपायों पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री और मुख्यमंत्री को क्षेत्रवासियों की मंशा से अवगत कराएंगे।

- सडक चौडीकरण को लेकर क्षेत्र वासियों की मांग पर निरीक्षण करने पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम

बिलासपुर चौक से नगर निगम की सीमा तक एन एच 130 को फोर लेन बनाए जाने की घोषणा के बाद बड़े पैमाने पर घरों और दुकानों को टूटने की आशंका से भयभीत क्षेत्र वासियो ने टीएस सिंहदेव से हस्तक्षेप की मांग की थी। क्षेत्र वासियो के बुलावे पर पहुचे पूर्व उपमुख्यमंत्री ने प्रभावित लोगों के साथ कई स्थानों पर सड़क की नपाई करा वर्तमान और प्रस्तावित फोर लेन की जद में आने वाले घरों और दुकानों का सर्वे किया। प्रभावितों ने बताया अभी डामर की सड़क की चौड़ाई 10 मीटर है। बताया जा रहा प्रस्तावित सड़क डीवाईडर सहित 25 मीटर की होगी। इसके दायरे में करीब 60 से ज्यादा मकान और दुकान आएंगे। सांड़बार बेरियर के पास से बाय पास सड़क बनना प्रस्तावित है। इसके लिए करीब सात आठ साल पहले मुआवजा का वितरण किया जा चुका है। बाय पास रोड बन जाने से इस मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव कम हो जाएगा और सड़क चौड़ीकरण के लिए घरों को तोड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पूर्व उपमुख्यमंत्री सिंह देव ने एनएच और लोकनिर्माण विभाग के उच्चाधिकारियों से बात कर प्रस्तावित बायपास और फोर लेन रोड के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र के लोगो को उचित पहल करने और जनभावना से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को अवगत कराने की बात कही। श्री सिंहदेव ने आश्वस्त किया वे जनता के निर्णय के साथ खड़े रहेंगे। इस दौरान नगर निगम के नेता विपक्ष शफी अहमद, जिला कांग्रेस के कोषाध्यक्ष राजेश मलिक, ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण विनय शर्मा बंटी, एस डी दुबे, राजेश मलिक, एस डी दुबे, विनय गुप्ता, मनोज चौरसिया, गुरप्रीत सिंह, महेश साहू, शैलेंद्र जायसवाल, अवधेश साहू, सुभाष साहू, सुकलू राजवाडे, अवधेश उपाध्याय, राम लखन राजवाड़े, सूरज साहू, रामकृष्ण साहू, रामसेवक साहू, राजकुमार तोमर, विनोद अग्रवाल, विजय अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, श्रीराम राजवाडे, शिवम गुप्ता, निर्भय जायसवाल, विक्की जायसवाल, पंकज राजवाड़े, इंद्रु राजवाड़े, सोहन साहू, गोपी साहू, रामा राव, विनोद गुप्ता, मोचन राजवाड़े, रविकेश तोमर, विकास अग्रवाल, अंकित अग्रवाल समेत क्षेत्र वासी उपस्थित थे।



# तस्कर ने घर में छिपा रखे थे सागौन पटरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मुखबिर की सूचना पर वन अमले ने शहर से सटे ग्राम पंचायत तकिया स्थित एक तस्कर के घर में छापामारी कर 150 नग सागौन एवं कुछ साल का पटरा जब्त करने में सफलता पाई है। जब्त पटरा 1.75 घन मीटर है जिसकी बाजार कीमत 3 लाख रूपए से अधिक आंकी गई है।

- मुखबिर की सूचना पर उड़नदस्ता दल ने जब्त किया 150 नग पटरा

गुरूवार को सुबह वरिष्ठ वन अधिकारियों को मुखबिर ने सूचना दी ग्राम पंचायत तकिया निवासी अजीम अंसारी लम्बे समय से सागौन चिरान एवं पटरे की तस्करी कर रहा है। वर्तमान में वह अपने घर में बड़े पैमाने पर सागौन पटरे का संग्रहण किया है तथा रात में इसे खपाने की तैयारी में है। लकड़ी तस्करी की आड़ में आरोपी बड़ी संख्या में गांव के लोगों को अपने साथ जोड़ रखा है। आरोपी काफी शातिर है। सूचना पर वन अधिकारियों ने पुलिस की मदद ली साथ ही उड़नदस्ता दल एवं वन परिक्षेत्र अम्बिकापुर के वन कर्मियों की टीम बनाकर आरोपी के घर की घेराबंदी कर तलाश शुरू की। इस दौरान आरोपी ने परिवार की महिलाओं को आगे कर टीम के सदस्यों के घर में घुसने का काफी विरोध किया। महिलाओं के भारी विरोध के बावजूद वन अमला आरोपी के घर में घुसा तो अवैध चिरान का जखीरा देख हैरान रह गया। आरोपी ने अपने घर के कमरों में भारी मात्रा में सागौन के अवैध पटरे जमा कर रखा था। कमरों में वन अमले को 150 नग सागौन एवं कुछ साल के पटरे मिले। अनुमान लगाया जा रहा है कि आरोपी लम्बे समय से पास के सागौन जंगल के पेड़ों को काटकर पटरा बनाकर तस्करी के माध्यम से कमाई कर रहा था। विभाग की उड़नदस्ता टीम जब्ती कार्रवाई के बाद जब्त पटरे को विभाग के डिपो ले आई। आरोपी के विरूद्ध वन संरक्षण अधिनियम की कार्रवाई की गई है।



घर से सागौन पटरा बरामद करती वन विभाग की टीम।

## 1 हजार किलो लीटर क्षमता की पानी टंकी को किया गया शुरु

# टीपी नगर वासियों को गर्मी में मिलेगी पानी की किल्लत से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में नव निर्मित पानी टंकी का बुधवार को महापौर और एमआईसी सदस्य द्वारा उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के साथ ही इस पानी टंकी से क्षेत्र में पानी सप्लाई की शुरू कर दिया गया है। पानी सप्लाई शुरू होने के बाद क्षेत्र के लोगों को गर्मी के समय में पानी की किल्लत से राहत मिल सकेगी। शहर में पेयजल सप्लाई के लिए अमृत मिशन के तहत घुनघुट्टा बांध से पानी सप्लाई के लिए 106 करोड़ रुपए की लागत से कतकालो फिल्टर प्लांट, पानी टंकियों का निर्माण करने के साथ ही पाइप लाइन का विस्तार किया गया।

इसी कड़ी में टीपी नगर में 1 हजार किलो लीटर क्षमता वाली पानी टंकी का निर्माण करने के साथ ही पाइप लाइन का विस्तार किया जा रहा था। टंकी का निर्माण और पाइप लाइन का काम पूर्ण होने के बाद आचार संहिता लगने के कारण इसका उद्घाटन नहीं हो पाया था। ऐसे में गर्मी के समय लोगों को



बेहतर तरीके से पेयजल आपूर्ति के लिए नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत व जल कार्य विभाग के एमआईसी सदस्य जितेन्द्र सोनी द्वारा वार्ड क्रमांक 46 टीपी नगर में नव निर्मित पानी टंकी और पाइप लाइन विस्तार को लेकर समीक्षा बैठक ली गई। बैठक के बाद पानी टंकी का उद्घाटन कर पानी सप्लाई का कार्य शुरू कराया गया। इस टंकी से वार्ड क्रमांक 46 के पेयजल संटग्रस्त क्षेत्र परसापाली, बहेरापारा, तेन्दुपारा, मठपारा, बंजारी, हुण्ड्रालता एवं अन्य क्षेत्र जो वर्षों से पेयजल की समस्या से जूझ रहे थे उन वार्ड वासियों को पेयजल की आपूर्ति मिल सकेगी। इस दौरान मेयर ने भविष्य में वार्ड वासियों को पेयजल की समस्या नहीं होने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान पार्षद सालीम केरकेट्टा, श्रीमती प्रियंका चौबे, जल प्रदाय के प्रभारी अधिकारी प्रशांत खुल्लर एवं जल प्रदाय शाखा के कर्मचारी उपस्थित थें।

### सीसी सड़क निर्माण का भूमिपूजन

नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत द्वारा सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। बुधवार को शहर के वार्ड क्रमांक 26 में बब्लु सोनकर के घर के विजय नामदेव के घर तक 9.11 लाख की लागत से स्वीकृत सीसी सड़क का भूमिपूजन माननीय महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, एमआईसी सदस्य एवं वार्ड पार्षद विशाल गोस्वामी (दूधनाथ) द्वारा किया गया है। इस दौरान श्रीमती अनुराधा गोस्वामी, शशिकांत जायसवाल, ज्योति सोनकर, सीमा कश्यप, रूपा गुप्ता, मनोज सोनी, अजय सोनी, संतोष कश्यप, बब्लु सोनकर, विश्वनाथ सोनी, प्रदीप गुप्ता, प्रशांत पाण्डेय एवं समस्त वार्डवासी साथ ही अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नीट की निःशुल्क आवासीय कोचिंग प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नीट की तैयारी के लिए बुधवार को निःशुल्क कक्षाएं प्रारंभ की गई। निःशुल्क कक्षा में 12वीं जीव विज्ञान संकाय की परीक्षा में शामिल विद्यार्थी एवं 2024 में 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी भी शामिल हो रहे है। जिला खनिज न्यास के सहयोग से कलेक्टर ने निःशुल्क कोचिंग के लिए 150 सीट की स्वीकृति दी है। जिसके तहत विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय कोचिंग एवं भोजन व्यवस्था, लाइब्रेरी एवं साप्ताहिक टेस्ट परीक्षा शामिल है। कलेक्टर ने निःशुल्क कोचिंग कक्षा की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने दोनों कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों से परीक्षा की तैयारी के संबंध में चर्चा कर मार्गदर्शन दिया। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को हॉस्टल में अच्छी सुविधा, अच्छा भोजन एवं अच्छा वातावरण उपलब्ध कराने एवं कक्षा के उपरांत शंका समाधान क्लास के बाद परिसर में अध्ययन करने के इच्छुक विद्यार्थियों को परिसर एवं लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। नीट की परीक्षा 4 मई 2025 को होगी। वहीं कोचिंग 3 मई तक संचालित होगी। कलेक्टर ने 150 सीट में दूसरे जिले के मेघावी विद्यार्थियों को भी अवसर देने निर्देशित किया। विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की व्यवस्था शासकीय कन्या उच्च.माध्य.विद्यालय एवं शासकीय बहु.उच्च.माध्य. विद्यालय के सामने के छात्रावास में की गई है।

- पहले दिन कलेक्टर ने दिया मार्गदर्शन

## खबर संक्षेप

### शासन के योजनाओं की राज्यपाल ने समीक्षा की




**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के प्रवास के दौरान राज्यपाल रमेन डेका ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, डीएफओ मनीष कश्यप, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम एवं सभी विभाग अंतर्गत जिला अधिकारियों की बैठक ली। राज्यपाल श्री डेका ने बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के अंतर्गत किए जा रहे जनहितकारी कार्यों की प्रगति की एजेंडावार जानकारी ली। उन्होंने जिले में जल संसाधन विभाग अंतर्गत जल संचयन एवं संवर्धन की वर्तमान स्थिति एवं जिले में जल संचयन के लिए किए जा रहे कार्यक्रम की जानकारी ली। भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए विभाग को सक्रियता के साथ कार्य करने एवं जल संचयन के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। पौधरोपण एवं पर्यावरण संवर्धन पर चर्चा की। इस दौरान सभी अधिकारियों को अपने घर, स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक भवन परिसर अथवा जहां कहीं भी संभव हो, एक पेड़ अपनी मां के नाम से अवश्य लगाने के निर्देश दिए।

### मरीजों का हाल जाना जिला पंचायत अध्यक्ष ने



**बैकुण्ठपुर।** जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में भर्ती मरीजों का हालचाल जानने के लिए गुरूवार को जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ,राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष महेन्द्र वैद्य के साथ पहुंचे। इस दौरान अस्पताल के विधायक प्रतिनिधि शहीद अशरफी, नानू राजवाड़े सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पैकरा ने मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं, इलाज की गुणवत्ता और दवाइयों की उपलब्धता को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के लिए प्रशासन हर स्तर पर प्रयासरत है। यदि किसी मरीज को कोई समस्या होती है, तो वे सीधे अधिकारियों या जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर सकते हैं।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** डॉ. आरएनएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन जिला एमसीबी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ. पूर्णिमा सिंह, डॉ. मेघा कुमारी गुप्ता, प्यारेलाल, प्रेम कुमार यादव, गेंद कुमार, महाविद्यालय के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 11 बजे महिला स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता सेमिनार से हुई, जिसे महिला चिकित्सक द्वारा संबोधित किया गया। इसमें महिलाओं को स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गइं, इसके बाद दोपहर 12 बजे से स्वास्थ्य जांच शिविर प्रारंभ हुआ, जिसमें 150 से अधिक लोगों ने निःशुल्क जांच का लाभ उठाया। शिविर में छात्रों, अभिभावकों और स्थानीय समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस पहल की सराहना की। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया।

### राष्ट्रीय सेवा भावी संस्था का आयोजन 29 को

**मनेन्द्रगढ़।** राष्टीय सेवा भावी संस्था एसोसिएशन ऑफ द वी क्लब ऑफ इंडिया डिस्ट्रिक्ट 323-जी-3 के एरिया 1 की एरिया कॉन्फ्रेंस मनेन्द्रगढ़ होटल हसदेव इन में 29 मार्च को आयोजित है। जानकारी देते हुए एरिया ऑफिसर पम्मी अरोड़ा ने बताया कि इस कार्यक्रम में एरिया वन के अंतर्गत आने वाले 9 क्लबो अंबिकापुर ग्रेटर स्टार, सूरजपुर केयर, अंबिकापुर महामाया, बैकुंठपुर उड़ान, चर्चा संकल्प, चिरमिरी पहल, कोतमा निःस्वार्थ, पेण्ड्रा लक्ष्य, मनेन्द्रगढ़ समर्पण के सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। तथा डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता फरमानिया, डिस्ट्रिक्ट चार्टर फाउंडर प्रेसिडेंट अनीता अग्रवाल भिलाई, डिस्ट्रिक्ट चीफ एडवाइजर अंशु गोयल सूरजपुर, डिस्ट्रिक्ट प्रशासनिक सचिव अलका फरमानिया पेण्ड्रा, डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष अमरजीत कथूर अंबिकापुर, कोर कमेटी की आशा राणा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, वरिष्ठ सदस्य इंदिरा सेंगर, फाउंडर मेंबर नीलम राय, एरिया सचिव किरण गोयंका सहित डिस्ट्रिक्ट के अन्य पदाधिकारी नवरत्न, माइक्रो कैबिनेट,चेयरपर्सन एवं सभी क्लबो के पीएसटी एवं सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## गर्मी की शुरूआत में ही कटगोड़ी में जलसंकट, ग्रामीण परेशान

# कोरिया नीर वाटर एटीएम महीनों से बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गर्मी की शुरूआत होने के साथ ही जिले के कई क्षेत्रों में पेयजल संकट की स्थिति का सामना करना पड़ता है। जल संरक्षण की दिशा में गंभीरता नहीं दिखाए जाने के कारण गर्मी के दिनों में जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति उत्पन्न होती है। हालांकि जल संरक्षण को लेकर कोरिया जिला प्रशासन द्वारा आवा पानी झोंकी पहल की शुरूआत की है, जिसे एक अभियान के रूप में विभिन्न ग्रामीण इलाके में चलाया जाएगा। कोरिया जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत आदर्श ग्राम कटगोड़ी में अभी से ही जल संकट गहराने लगा है, कई लोगों को दूर से पेयजल प्राप्त करना पड़ रहा है। साइकल में डब्बे लेकर दूर पेयजल के लिए जाना पड़ रहा है। अभी गर्मी की शुरूआत में ही जल संकट की समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो आने वाले समय में स्थिति और भी अधिक गंभीर हो सकती है। उल्लेखनीय है कि आदर्श ग्राम कटगोड़ी में जल क्रांति अभियान चलाया गया था, इसके बावजूद गर्मी की शुरूआत होने के साथ ही यहां पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।



बंद कोरिया नीर।

### लाखों खर्च, फिर भी पानी की समस्या

गर्मी की दस्तक के साथ ही जिले के कई क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। खासकर, सोनहत जनपद के आदर्श ग्राम कटगोड़ी में जल संकट गंभीर होता जा रहा है। स्थिति यह है कि ग्रामीणों को साइकिल व डब्बे लेकर दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। यदि अभी से जल संरक्षण के उपाय नहीं किए गए, तो आने वाले दिनों में हालात और विकट हो सकते हैं। गांव में शासकीय अस्पताल परिसर के पास लाखों रुपए की लागत से ₹कोरिया नीर₹ वाटर एटीएम स्थापित किया गया था, जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का दावा किया गया था। लेकिन, पिछले कई महीनों से यह बंद पड़ा है।

### कई महीनों से बंद पड़ा कोरिया नीर

आदर्श ग्राम कटगोड़ी में शासकीय अस्पताल परिसर के पास लाखों रूपए खर्च कर कोरिया नीर वाटर एटीएम की स्थापना की गई है, लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा सुचारू संचालन की दिशा में ध्यान नहीं दिए जाने के कारण बीते कई माह से यहां स्थापित कोरिया नीर वाटर एटीएम बंद पड़ा है, इसे सुधार कर संचालित करने की दिशा में अब तक ध्यान नहीं दिया गया। लाखों खर्च करने के बाद भी लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करने की मजबूरी होगी।

### ग्राम पंचायत की निष्क्रियता उजागर

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत और प्रशासन की अनदेखी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। यदि समय रहते वाटर एटीएम को दुरुस्त किया जाता और जल संरक्षण के प्रयास किए जाते, तो आज यह संकट पैदा नहीं होता। गर्मी की शुरूआत में ही यदि यह हालात हैं, तो मई-जून में स्थिति कितनी भयावह होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रशासन को चाहिए कि कोरिया नीर वाटर एटीएम को अविलंब चालू किया जाए। गांव में नए जल स्रोतों की खोज कर वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।



बैठक में शामिल भाजपाई।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में बैठक

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिलासपुर के मोहभठ्ठा में आयोजित विशाल आमसभा को लेकर भाजपा कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

- नपं पटना के पार्षद राजेश ने भाजपा में किया प्रवेश

बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े, राजेश सिंह, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, विनोद साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य शिव कुमारी सोनपाकर, जनपद अध्यक्ष आशा देवी सोनपाकर, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, जिला मंत्री रामकृष्ण शर्मा, नवरतन पाण्डेय, बसंत राय, जिला कार्यालय प्रभारी भानूपाल, जिला संवाद प्रमुख विमल गुप्ता के उपस्थिति में संपन्न हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बिलासपुर के मोहभठ्ठा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में कोरिया जिले से अधिक से अधिक संख्या में जन प्रतिनिधि एवं पार्टी कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ शामिल होंगे।

## सहकारी बैंक की अव्यवस्थाएं दूर हों

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया व्यापार संघ के अध्यक्ष ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शहर में संचालित जिला सहकारी बैंक में व्याप्त अव्यवस्थाओं को सुधारने की दिशा में पहल किए जाने की मांग की।

- कोरिया व्यापार संघ के अध्यक्ष ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कोरिया व्यापार संघ के जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि शहर के जेल रोड में संचालित जिला सहकारी बैंक का छत जगह-जगह से टूट कर गिर रहा है, इससे ग्राहकों एवं कर्मचारियों को शारीरिक चोट लगने का खतरा हमेशा बने रहता है। वहीं बरसात के दौरान बैंक परिसर छोटे तालाब के रूप में तब्दील हो जाता है तथा बैंक के भीतरी हिस्से में पानी भर जाता है, इससे ग्राहकों एवं कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बैंक के कैश रूम की स्थिति भी दयनीय हो गई है, बैंक में कोई सुरक्षा व्यवस्था भी नहीं है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नपाध्यक्ष मद से पूर्व में दिए गए वाटर कूलर टूटा पड़ा है, ऐसे में दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। वहीं ज्ञापन में यह सुझाव भी दिया कि जिला सहकारी बैंक के बगल में बैंक की खाली पड़ी भूमि पर सुलभ शौचालय भी बनाया जा सकता है।

### वॉक-इन-इंटरव्यू 4 को

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के लिए संविदा पदों की भर्ती की जा रही है। भारत सरकार द्वारा एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा संरक्षण एवं सशक्तिकरण के लिए अम्ब्रेला योजना के तहत मिशन शक्ति की शुरूआत की गई है। मिशन शक्ति अंतर्गत जारी दिशा-निर्देशों के अनरूप जिला स्तरीय हब के लिए जिले में 7 स्वीकृत संविदा पदों की पूर्ति के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों को परीक्षण/मूल्यांकन उपरांत पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन उपरांत पात्र उम्मीदवारों का वाक इंटरव्यू कौशल परीक्षा 4 अप्रैल को समय 11 बजे प्रातः से स्थान सेंट पैट्रिक अकेडमी स्कूल लालपुर, चौघड़ा मनेन्द्रगढ़ जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी भरतपुर में आयोजित किया जाना है। अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों की मूल प्रति एवं परिचय पत्र साथ ही पहचान पत्र (आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आईडी, पैन कार्ड आदि) भी अनिवार्य रूप से लाना होगा।

## राज्यपाल ने सौंपी शिवराम को चाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के ग्राम जूनापारा निवासी शिवराम के साथ हुआ, जब उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि उन्हें प्रदेश के राज्यपाल से मिलने और उनके हाथों अपने घर की चाबी लेने का अवसर मिलेगा।

शिवराम पेशे से एक राजमिस्त्री हैं और वर्षों से दूसरों के पक्के मकान बनाते आ रहे हैं, लेकिन जब उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ मिला, तो उन्होंने महज तीन महीनों में अपना खुद का मकान तैयार कर लिया। उनके इसी परिश्रम और उपलब्धि की सराहना करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने उनके नवनिर्मित आवास पर जाकर उन्हें अभिनंदन पत्र सौंपा और शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल रमेन डेका अपने एक दिवसीय कोरिया प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत जूनापारा पहुंचे। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति का जायजा लिया। इसी दौरान उन्होंने हितग्राही शिवराम के नवनिर्मित आवास का अवलोकन किया और उनके समर्पण की सराहना की। भावुक शिवराम ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे घर में राज्यपाल आएंगे और मुझे सम्मानित करेंगे।



अभिनंदन पत्र सौंपते राज्यपाल रमेन डेका।

### तीन माह में पूरा किया अपना सपना

शिवराम को वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थी के रूप में चुना गया। उन्हें इस योजना की पहली किस्त मिलते ही उन्होंने तेजी से काम शुरू किया और मात्र तीन महीनों में अपने सपनों का घर पूरा कर लिया। उनके इस मेहनत और लगन की सराहना जिला प्रशासन द्वारा भी की गई।

### वार्षिकोत्सव कल

**मनेन्द्रगढ़।** एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल और बचपन प्ले स्कूल अपने वार्षिकोत्सव का आयोजन 29 मार्च को करने जा रहा है। इस शानदार कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राएं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन शनिवार 29 मार्च को शाम 4:30 बजे से एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल, तेंदुडांड में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहेंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती प्रतिभा यादव, मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका की अध्यक्ष और अजय मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी समारोह में शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम न केवल छात्रों के लिए, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां वे स्कूल के विकास और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों का सम्मान कर सकते हैं। स्कूल प्रशासन ने सभी अभिभावकों और स्थानीय निवासियों से इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

## आवा पानी झोंकी अभियान से मिलेगा जल संरक्षण को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जल संरक्षण को लेकर देशभर में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। गिरते भूजल स्तर की चुनौती से निपटने के लिए आम जनता से लेकर शासन-प्रशासन तक अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

- जल बचाने पंचायतों में होगा जन चौपाल का आयोजन

इसी दिशा में कोरिया जिला प्रशासन ने एक नवाचार करते हुए आवा पानी झोंकी अभियान शुरू किया है, जिसका अर्थ है आओ सब मिलकर पानी को रोके। इस अभियान के तहत जल संरक्षण में ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी को प्राथमिकता दी गई है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के नेतृत्व में ठंड के मौसम में जिला प्रशासन ने सोनहत विकासखंड के दूरस्थ क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं के सहयोग से नाले में बोरी बांधने का कार्य किया था। यह जल संरक्षण की दिशा में एक सफल प्रयोग साबित हुआ। इसीक्रम में अब 28 मार्च को बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत पोटेडांड़ और डोहड़ा में जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इसमें जनभागीदारी से जल संरक्षण योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा होगी। भारत सरकार द्वारा नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के तहत यह पहल की जा रही है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को जल संरक्षण की मुख्यधारा में लाना है। भारतीय समाज में नारी और पानी का गहरा संबंध है, क्योंकि घरेलू उपयोग से लेकर कृषि कार्यों तक महिलाएं ही सबसे अधिक जल संसाधनों का उपयोग करती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए, जिला प्रशासन ने महिलाओं को जल संरक्षण का नेतृत्व देने जैसे निर्णय ले रहे हैं। इस अभियान के तहत कई महत्वपूर्ण गतिविधियों को अंजाम दिया जाएगा, इसमें ग्राम स्तर पर जन चौपाल का आयोजन, स्वयंसेवकों और युवाओं का चयन, जन प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करना, जल बहिनी दल के माध्यम से वाटर लेवल सर्वे, ट्रांजिट वॉक कर जल स्त्रोतों की मैपिंग जैसे कार्य। इसके अलावा जिला प्रशासन ने हाल ही में इस विषय पर एक कार्यशाला एवं मैदानी भ्रमण का आयोजन किया था। अब आगामी ग्राम वार बैठक में जल संरक्षण के लिए ठोस रणनीति पर अमल किया जाएगा।



### हर हाल में बचाना है जल

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि गिरते भूजल स्तर को हर हाल में रोका जाए। पानी बचाने के लिए जनभागीदारी आवश्यक है और इसके लिए महिलाओं की भूमिका सबसे अहम होगी। प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है कि जल संरक्षण कार्यों को ठोस रूप से क्रियान्वित किया जाए।

### तरंगित तार से दुर्घटना का अंदेशा...




**बैकुण्ठपुर।** जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम कटगोड़ी स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के मुख्य गेट के सामने विद्युत तरंगित तार गुजरा है, जो ढीली होकर नीचे झूल रहा है, ऐसे में कभी भी किसी के लिए इस तरह की लापरवाही खतरे का कारण बन सकता है।

### सीएम के नाम मनरेगा कर्मियों ने लिखा पत्र

**बैकुण्ठपुर।** जिला एमसीबी में 26 मार्च को प्रदेश के मनरेगा कर्मचारियों ने 3 दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के पहले दिन पीएम नरेन्द्र मोदी, सीएम विष्णुदेव साय, पंचायत मंत्री विजय शर्मा को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि मनरेगा में 10 वर्ष से अधिक सेवा अवधि पूर्ण कर चुके कर्मचारियों की बड़ी संख्या है। वर्षों से सेवा देने के बाद भी कर्मचारियों के लिए न मानव संसाधन नीति नहीं बन पाई है और न ही नियमितीकरण हो पाया है, जबकि राजस्थान में 9 वर्ष सेवा पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को नियमित किया गया है, मप्र उड़ीसा, हिमांचल आदि राज्यों में मनरेगा कर्मचारियों के लिए बेहतर वेतनमान, सुविधा एवं पॉलिसी बनाई गई है।

## कुमार चौक में भाजपा सरकार का किया पुतला दहन

# सीबीआई छापेमारी के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव सहित कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं के ठिकानों पर 26 मार्च को हुई सीबीआई छापेमारी के विरोध में कांग्रेस ने गुरूवार को कांग्रेस कार्यालय से लेकर कुमार चौक बैकुंठपुर में जोरदार प्रदर्शन किया।

कांग्रेस ने इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई करार देते हुए केन्द्र सरकार पर विपक्ष को दबाने का आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार और सीबीआई के खिलाफ





नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह कार्रवाई लोकतंत्र की हत्या का प्रयास है, लेकिन कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने विपक्षी नेताओं को टारगेट करना बंद नहीं किया, तो कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष कोरिया प्रदीप गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इससे डरने वाले नहीं है और हर मोर्चे पर मुकाबला करेंगे। प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुख्तार अहमद, महामंत्री बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र यादव, विकास श्रीवास्तव, आशीष यादव, साहब सिंह काकू, धीरज सिंह, हीरालाल साहू, सौरभ गुप्ता, मनीष सिंह, संतोष गोयन, रामसाय सोरी, अविनाश पाठक, विजय चक्रधारी, अरशद, प्रकाश चंद साहू, रामचंद्र सिंह, लालदास महंत सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विषय के साथ 5 वीं की परीक्षा खत्म



**बैकुण्ठपुर।** जिला स्तर पर संचालित प्राथमिक पात्रता परीक्षा 2025 के तहत कक्षा पांचवीं की परीक्षा गुरूवार को पर्यावरण विषय के साथ समाप्त हो गया। जानकारी के अनुसार कक्षा पांचवीं की परीक्षा बीते 17 मार्च से शुरू हुई थी, जो 27 मार्च को समाप्त हो गई। वहीं कक्षा आठवीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा आगामी 3 अप्रैरल को समाप्त होगी, इसके बाद कापियों का मूल्यांकन शुरू होगा।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष कई वर्षो के बाद शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षा केन्द्रीयकृत रूप में ली जा रही है। उक्त कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए उनके ही विद्यालय में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा का संचालन के लिए केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किए गए, जिनके मार्गदर्शन में परीक्षा संचालित की जा रही है।

### परीक्षार्थियों की संख्या दहाई अंक में भी नहीं

जानकारी के अनुसार कोरिया जिले में कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की परीक्षा में कई परीक्षा केन्द्र ऐसे हैं, जहां परीक्षार्थियों की संख्या दहाई का अंक भी नहीं छू पाए हैं। जिले में कुछ परीक्षा केन्द्र ऐसे भी हैं, जहां पॉचवीं में एक ही छात्र के लिए केन्द्र में परीक्षा आयोजित की जा रही है।

27 Ambikapur-pg 4-0_Layout 1 3/27/2025 9:59 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### समलेश्वरी व कालरात्रि देवी धाम में चैत्र नवरात्रि की तैयारियां शुरू

**बिश्रामपुर।** अंचलवासियों के आस्था की केन्द्र आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर व स्वयं भू मां कालरात्रि मंदिर में चैत्र नवरात्रि की तैयारी शुरू कर दी गई है। मान्यता है कि आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर में स्थापित देवी मां की मूर्ति बौद्ध काल की है। यहां पर वर्ष 1995 में पहली बार 11 मनोकामना ज्योति कलश भक्तों द्वारा प्रज्वलित कराए गए थे, जो अब बढ़कर हजार ज्योति कलश के आसपास पहुंच गई है। यहां पर वर्ष 1997 से मंदिर समिति द्वारा शारदीय नवरात्रि के दौरान रावण दहन की प्रक्रिया शुरू कराई गई है। समलेश्वरी महामाया मंदिर में प्रतिवर्ष चैत्र व शारदीय नवरात्रि के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर अपनी मनोकामना पूर्ण कराते हैं। चैत्र नवरात्रि को लेकर समलेश्वरी महामाया मंदिर व स्वयं भू मां कालरात्रि मंदिर में मंदिर समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। पहली बार समलेश्वरी महामाया मंदिर प्रांगण में मंदिर समिति द्वारा चैत्र नवरात्रि पर मेला की व्यवस्था कराई जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों के अलावा दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सके। मंदिर समिति के अध्यक्ष आकाश गुप्ता ने बताया कि यहां पर इस चैत्र नवरात्रि पर 30 मार्च को मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए जाने के साथ ही 2 अप्रैल को अखंड रामायण पाठ का आयोजन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के अवसर पर लगने वाले मेला को मंदिर समिति द्वारा निःशुल्क व्यवस्था दी गई है, जिससे कोई भी व्यक्ति अपना दुकान लगा सकता है। इसके अलावा कुमदा कालोनी, कंदरई, सिलफिली, कालीघाट, लटोरी व अन्य स्थानों पर भी चैत्र नवरात्रि को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### प्रियांशी, यशप्रीत और प्रभाकर ने नवोदय में हासिल की सफलता





**लखनपुर।** विकासखंड के ग्राम बेडगी भांदरपारा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में अध्ययनरत कथा पांचवी की छात्रा प्रियांशी महंत आ. कन्नी लाल, माता सोनामती का जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं हेतु चयन हुआ है। शासकीय प्राथमिक शाला में अध्यनरत प्रियांशी महंत को पंडित नेहरू बाल मंदिर स्कूल के शिक्षक कृष्ण यादव द्वारा घर में जाकर प्रियांशी महंत को जवाहर नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए मार्गदर्शन किया गया था। तो वही लखनपुर स्वामी आत्मानंद विद्यालय में अध्यनरत यशप्रित झारिया एवं प्रभाकर सिंह का नवोदय विद्यालय के कक्षा छठवीं में चयन हुआ है। दोनों छात्रों ने प्रवेश इम्तिहान पास कर कामयाबी हासिल की। छात्र यशप्रित झारिया आ. जितेन्द्र कुमार झारिया, माता श्रीमती आरती झारिया तथा छात्र प्रभाकर सिंह रामनारायण सिंह व निरमा सिंह के सुपुत्र है। दोनों छात्रों के सफलता से स्वामी आत्मानंद विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य ऋषि कुमार पांडेय एवं शिक्षकों ने दोनों छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

### शिशु मंदिर की छात्रा अनु का चयन नवोदय विद्यालय में

**बलरामपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय बलरामपुर में अध्यनरत कक्षा पांचवी की छात्रा अनु रवि आ. शिव प्रसाद रवि का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है।



विद्यालय के प्रधान पाठक विनय पाठक ने बताया कि विद्यालय से लगभग दो दर्जन बच्चे नवोदय परीक्षा में शामिल हुए थे उसमें से छात्र अनु रवि का नवोदय विद्यालय में चयन होने से हमारा विद्यालय गौरव वंचित हुआ है। वही छात्र ने इसका श्रेय अपने माता-पिता गुरुजनों को बताया इसके चयन होने से पूरे विद्यालय में परिवार जनों में खुशी की लहर है।

### कुंजनगर की शिक्षिका लक्ष्मी को शिक्षा रत्न सम्मान

**बिश्रामपुर।** भाटापारा बलौदा बाजार में चिन्मय सागर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक रथ यात्रा महोत्सव के




शुभ मंगल प्रसंग के अवसर पर राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।समारोह पर राज्य के कई नवाचारी शिक्षक शामिल हुए।इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुंजनगर जिला सूरजपुर की शिक्षिका लक्ष्मी सिंह राठौर को अपने विद्यालय में नवीन तथा रचनात्मक कार्य करने,उमंग कार्यक्रम से बच्चों को जोड़कर व्यवसायिक शिक्षा पर कार्य करना, कोविड के समय अपने विद्यालय बच्चों के साथ-साथ राज्य भर के बच्चों को वर्चुअल कक्षाओं से जोड़कर विभिन्न राष्ट्रीय त्योहारों को मनाने,सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करने, क्विज प्रतियोगिताएं आदि संपन्न करवाने,बच्चों के व्यक्तित्व विकास में विद्यार्थियों को अग्रसर करने की दिशा में कार्य करने के लिए शिक्षा रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया है।इस सम्मान के साथ ही शिक्षिका को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भी दिया गया। उक्त सम्मान भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के हाथों शिक्षिका श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने प्राप्त किया है।

## भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित, दिन का तापमान पहुंचा 27.2 डिग्री

# आसमान साफ होते ही गर्मी के तेवर शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मौसम साफ होने के बाद गर्मी ने फिर से अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। तेजी से तापमान में वृद्धि हो रही है आने वाले दिनों में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

**खास बात**
- पश्चिम की गर्म हवाओं का प्रभाव

पिछले कुछ दिनों से मौसम के तेवर बदले हुए थे। आसमान पर घने बादल छाए थे साथ ही शहर सहित पूरे संभाग में लगातार तीन दिनों तक रूक-रूक कर अच्छी वर्षा हुई। शहर सहित कई क्षेत्रों में मूसलाधार वर्षा हुई वहीं जमकर ओले गिरे। इस दौरान हुई ओलावृष्टि एवं मूसलाधार बारिश से पारा में तेज गिरावट होने के साथ ही गर्मी पूरी तरह से खत्म हो गई तथा चार दिनों तक अच्छी ठंड लगी। ओलावृष्टि से पठारी क्षेत्रों का नजारा कश्मीर जैसा बन गया था तथा चारों तरफ बर्फ की सफेद चादर बिछ गई थी। धीरे-धीरे विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद धूप की गर्मी से वातावरण की नमी सूखने लगी। आसमान साफ होने एवं वातावरण में मौजूद नमी के सूखने के बाद अब पूरे दिन चिलचिलाती गर्मी पड़ रही है। सुबह होते ही तेज धूप निकल रही है। दोपहर में गर्मी अधिक बढ़ जा रही है जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन पूर्व तक सरगुजा में दिन व रात का तापमान सामान्य से नीचे था लेकिन दो दिनों के भीतर पारा बढ़ने के साथ ही गर्मी में भी काफी वृद्धि हुई है। गर्मी से राहत के लिए लोग अब पंखा, कूलर एवं एसी चलाना शुरू कर दिए है। रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। इसके पूर्व भी पश्चिम की गर्म हवाओं के प्रभाव से चार दिनों तक भीषण पड़ी थी लेकिन पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण गर्मी से राहत मिल गई थी। मौसम में आए बदलाव को देखते हुए आने वाले दिनों में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना जताई जा रही है।



### पहुंच रही राजस्थान की गर्म हवाएं

आसमान साफ होने के बाद फिर से पश्चिम की गर्म हवाएं चलना शुरू हो गई है। पश्चिम की हवाएं अपने साथ रेगिस्तान की गर्मी लेकर पहुंच रही हैं जिससे तापमान में वृद्धि हो रही है। गर्म हवाओं का प्रवाह इसी तरह जारी रहा तो आने वाले दिनों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। इसके पूर्व भी गर्म हवाओं के प्रभाव से दिन का तापमान 38.1 डिग्री पहुंच गया था। मौसम कार्यालय द्वारा गुरूवार को अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। एक-दो दिन में पूर्व में दर्ज अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री के ऊपर पारा के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

#### ऐसे बढ़ रहा पारा

बादल एवं बेमौसम बारिश के बाद 22 मार्च को दिन का तापमान 29.2 डिग्री एवं रात का तापमान 16.1 डिग्री रिकॉर्ड किया था। बादल छंटने के बाद 24 मार्च को दिन का तापमान 31.7 डिग्री जबकि रात का तापमान गिरकर 14.2 डिग्री पहुंच गया था। इस दिन तक दिन व रात का तापमान सामान्य से नीचे होने के कारण गर्मी से राहत थी लेकिन अगले दिन से दिन के तापमान में वृद्धि होने लगी। 25 मार्च को दिन का तापमान 33.6 डिग्री एवं 26 मार्च को बढ़कर 35.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। पश्चिम की गर्म हवाओं के प्रभाव से पिछले दो दिनों से हर रोज दिन के तापमान में 2.0 डिग्री की वृद्धि हो रही है वही 24 घंटे के भीतर रात के पारा में 1 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। फिलहाल कोई विक्षोभ की आहट नहीं है ऐसे में गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

#### भीषण जल संकट

गर्मी बढ़ने के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भीषण जल संकट उत्पन्न हो गया। गर्मी बढ़ने के कारण धरती का जल स्तर नीचे खिसक गया है जिसके कारण हैंडपंप पानी की जगह हवा उगल रहे हैं। विकासखण्ड लुण्ड्रा के एक दर्जन से अधिक गांवों के लोग भीषण जल संकट से जूझ रहे है। ग्राम पंचायत कुदर स्थित जल जीवन मिशन की आपूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीण पिछले एक पखवाड़े से भीषण जल संकट से जूझ रहे है।

# दो अलग- अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर/अम्बिकापुर

गुरुवार की शाम दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में बाइक सवार चार युवकों की मौत हो गई। प्रतापपुर और मेंड्राकला क्षेत्र में हुई सडक दुर्घटनाओं में घायल युवकों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल सिर्फ दो मृतकों की शिनाख्त हो पाई है। प्रतापपुर क्षेत्र के मृतक आपस में बाइक पर हाथ पकडकर स्टंट बाजी कर रहे थे।

- मेंड्राकला और प्रतापपुर-खडगवां मार्ग पर हुई घटनाएं

बताया जा रहा है प्रतापपुर निवासी ओम सारथि, पुनीत काशी उर्फ बिट्टू और छतरपुर निवासी युवक आपस में मित्र है। तीनों युवक दो अलग अलग बाइक पर घूमने निकले थे। इस दौरान प्रतापपुर-खडगवां मार्ग पर केरता थाना से आगे जंगल में तीनों युवकों की बाइक आपस में ही भिड गई। लोगों का कहना है कि तीनों युवक तेज रफ्तार में सडक पर हाथ पकड़कर बाइक चला रहे थे। संभावना जताई जा रही है कि इस दौरान किसी तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मारी जिसके बाद दोनों युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था जहां अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल इस घटना में एक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। मृतकों की उम्र 19 से 21 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

#### ट्रक से टकराया बाइक सवार, मौत

शहर के मेंड्रा कला में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। फिलहाल मृत युवक की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि मेंड्रा कला पेट्रोल पम्प की तरफ से एक युवक तेज गति से सड़क पर आया इस दौरान उसकी टक्कर ट्रक से हो गई। ट्रक से टक्कर के बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा शव को मर्च्युरी में रखने के साथ ही मृतक की शिनाख्त हेतु प्रयास किए जा रहे है।

# दुकानों की नीलामी का टेंडर निरस्त होने के बाद पार्षद ने लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 स्थित अटल परिसर और शिवम कंपलेक्स दुकानों की नीलामी का टेंडर मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा निरस्त किए जाने के बाद कांग्रेस पार्षद रमेश जायसवाल का बयान सामने आया है। पार्षद रमेश जायसवाल ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्षदों के विरोध के बाद नगर पंचायत द्वारा त्रुटिवश अधिक होने का हवाला देकर टेंडर निरस्त किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में वार्ड क्रमांक 9 स्थित अटल परिसर में बने दुकानों की नीलामी की जानी थी परंतु

- कहा-आधे अधूरे दुकानों की हो रही थी नीलामी



दुकानों के रेट अधिक होने के कारण लोगों के विरोध के बाद दुकानों की नीलामी नहीं हो सकी बाद में दुकानों की ऑफसेट प्राइस कम कर दुकानों की नीलामी किया जा रहा है। वहीं शिवम कांप्लेक्स में लगभग 42 लाख की लागत राशि से लगभग 21 नग दुकान का निर्माण किया जाना था परंतु नगर पंचायत के द्वारा 15 दुकानों का निर्माण किया गया है जो अपूर्ण है और जल्दबाजी में अधिक रेट में नगर पंचायत द्वारा दुकानों की नीलामी की जा रही है। जिसका कांग्रेस पार्षदों द्वारा विरोध किया गया था। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विद्या सागर चौधरी ने टेक्निकल त्रुटी बता कर टेंडर निरस्त कर दिया है। नगर पंचायत को चाहिए कि कम दरों में दुकानों की नीलामी की जाए लेकिन नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बिजनेस के तौर पर दुकान निर्माण कर नीलामी कर रहे हैं जो कि गलत है। कांग्रेस पार्षद रमेश जायसवाल ने लखनपुर की जनता को बधाई देते हुए कहा कि सभी कांग्रेस पार्षद के प्रयास से दुकान नीलामी का टेंडर निरस्त हुआ है। भविष्य में अगर संतोषजनक दर और लाटरी पद्धति से दुकानों की नीलामी नहीं होती है तो आने वाले नागरिकों के साथ मिलकर जनहित में आंदोलन करने को विवश होंगे। और नगर पंचायत कार्यालय को चाहिए कि जनहित में कार्य करे।

#### निर्माण स्थल से सूचना पटल गायब

लखनपुर नगर पंचायत कार्यालय अंतर्गत होने वाले निर्माण कार्यों का निर्माण स्थल पर नागरिक सूचना पटल नहीं लगाया जाता है। लोगों को यहां पता नहीं चल पाता की कार्य कितने लागत राशि की है और क्या निर्माण किया जा रहा है।

## सिविल विभाग में फर्जीवाड़े की शिकायत पर जांच हेतु पहुंची विजलेंस की टीम

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर में सिविल विभाग के अधिकारियों द्वारा एएमसी कार्य सहित खदानों में मानसून प्रिपरेशन के काम में आर्थिक फर्जीवाड़ा कर ठेकेदारों को बोगस भुगतान करने मामले की लिखित शिकायत हुई, शिकायत मिलने उपरांत एसईसीएल बिलासपुर की सतर्कता विभाग के अधिकारी गुरुवार को जांच के लिए बिश्रामपुर पहुंचे हैं।सतर्कता विभाग के अधिकारी बिश्रामपुर पहुंचते ही सबसे पहले कम्पनी क्षेत्रीय महाप्रबंधक से मिले और उन्हें पूरे मामले से अवगत कराते हुए जांच में सहयोग मांगा।बताया गया कि अभी पांच दिनों पूर्व केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की टीम कंपनी की विजलेंस टीम के साथ बिश्रामपुर पहुंची थी जो आधे दिन रहकर सामग्री प्रबंधक और एसओ एंड एम से जरूरी पूछताछ कर दूसरे दिन लौट गई।यहां पर खदानों में उपयोग आने वाले सामानों की खरीदी में कंपनी स्तर पर अनियमितता होने की शिकायत पर जांच करने हेतु केंद्रीय टीम पहुंची थी, अब पांच दिनों बाद पुनः सतर्कता विभाग की टीम यहां जांच में पहुंची है।बताया गया कि सिविल विभाग में एएमसी सालाना मेंटनेंस के कार्य में ठेकेदार को बिना कार्य कराये ही कई लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया है।इसके अतिरिक्त अमेरा खदान में बारिश में जर्जर हुई कोल ट्रांसपोर्टिंग रोड में अठारह से बीस लाख रुपये के गिट्टी डालने के कार्य में भी बिना मौके पर गिट्टी डाले ही ठेकेदार को बोगस भुगतान कर दिया गया है।इसके अतिरिक्त एएमएसी कार्य में अनुबंध के संख्या अनुसार मजदूर नहीं देने के बावजूद ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया है, मामले में फर्जी एमबी बुकिंग कर सिविल विभाग के ओवरसियर इंजीनियर द्वारा ठेकेदार को अतिरिक्त लाभ दिलाने की नियत से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर षड़यंत्र रचा गया।

# कांग्रेस ने सीबीआई का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में घड़ी चौक पर केंद्र और राज्य सरकार के साथ ही सीबीआई का पुतला दहन किया। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव के निवास पर हुए सीबीआई रेड के विरोध में प्रदेशव्यापी पुतला दहन कार्यक्रम किया गया।

- सीबीआई और केंद्र सरकार की कार्रवाई का कांग्रेस ने किया विरोध

विरोध प्रदर्शन के तहत बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता राजीव भवन में एकजुट हुए एवं वहां से कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में रैली निकाल कर घड़ी चौक पहुंचे जहां पुतला दहन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दहन के लिये 2 पुतले बनाये थे। सफेद रंग का एक पुतला सीबीआई का था और काले रंग का दूसरा पुतला केन्द्र सरकार का प्रतीक था। पुतलों को जलाने के दौरान पुलिस से झूमाझटकी भी हुई। पुलिसकर्मियों ने पुतलों में लगी आग को पानी से बुझाने का प्रयास किया किंतु कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके प्रयास को सफल नहीं होने दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि केंद्र की सरकार, नरेंद्र मोदी की सरकार, अमित शाह की सरकार पूरे देश में उनके खिलाफ जो सैद्धान्तिक रूप से राजनीतिक गतिविधि द्वारा उनके गलत कामों का विरोध कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई हो रही है। जो इस कार्रवाई पर सरेंडर हो जा रहा है वो कमल छाप वाशिंग मशीन में साफ होकर भाजपा में शामिल हो जा रहा है।

ये सरकार ब्लैकमेलर है। वो ईडी-सीबीआई का उपयोग ब्लैकमेल के लिए कर रही है। इसी सोच के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ कार्रवाई हो रही है लेकिन मोदी सरकार कितना भी जोर लगा ले भूपेश बघेल न तो टूटेंगे न ही झुकेंगे। पुतला दहन के इस कार्यक्रम के दौरान 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, मो इस्लाम, भानू प्रताप सिंह, विनय शर्मा, संजय विश्वकर्मा, अरविंद सिंह गप्पू, हेमंत तिवारी, विनीत जायसवाल, विनोद एक्का, रामविनय सिंह, जगन्नाथ कुशवाहा, अनिल सिंह, दुर्गेश गुप्ता, मदन जायसवाल, राजू अग्रवाल, संजीव मंदिलवार, जीवन यादव, शिव प्रकाश अग्रहरी, धर्मेंद्र ताम्रकार, जमील खान, दीपक मिश्रा, चंद्रप्रकाश सिंह, सतीश बारी, आलोक सिंह, हिमांशु जायसवाल, शुभम जायसवाल, आशीष जायसवाल, अविनाश कुमार, अशफाक अली, लवकेश पासवान, दिनेश शर्मा, विशाल पाठक, विकास केसरी, परवेज आलम गांधी, सहित अन्य मौजूद थे।

## रिपोर्ट के बाद भी आरोपी पर नहीं हुई कार्रवाई, थाना प्रभारी से शिकायत

**अम्बिकापुर।** घर में घुसकर बाइक में तोड़फोड़ करने तथा जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद भी आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई नहीं किए जाने पर पीड़ित ने थाना प्रभारी से शिकायत की है। साथ ही आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

थाना प्रभारी से किए शिकायत में ग्राम बगड़ा निवासी सहदेव आ. सुखराम (33 वर्ष) ने बताया है कि 17 मार्च की सुबह करीब 10 बजे घर के आंगन में खड़ी बाइक को गांव के ही श्यामलाल नशे की हालत में फावड़ा से तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही मांग को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देकर चला गया।

घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई लेकिन रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद आज तक आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद से अपने घर में सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे है और रात में दूसरे के घर शरण लेने को मजबूर है। पीड़ित ने आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सरोद वादक देबस्मिता ने अदाणी विद्या मंदिर में दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उदयपुर स्थित अदाणी विद्या मंदिर में गुरुवार को विश्व प्रसिद्ध सरोद वादक देबस्मिता भट्टाचार्य ने शिरकत की। उन्होंने करीब एक घंटे के कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित श्रोताओं को सरोद के संगीत से सराबोर कर दिया।

- स्कूल के बच्चों सहित मौजूद श्रोताओं को किया भाव विभोर



अपनी प्रस्तुति दौरान देबस्मिता भट्टाचार्य ने स्कूल के बच्चों को सरोद वादन के इतिहास सहित कई रागों और सरगम के गुणों को बताया। कार्यक्रम में सुश्री देबस्मिता भट्टाचार्य के साथ तबले में ताल बिलासपुर के युवा तबला वादक दीपक साहू ने दी। दीपक के तबले की ताल और देबस्मिता के सरोद की जुगलबंदी ने कार्यक्रम में श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान श्रीमती यति चतुर्वेदी, मृणानी चतुर्वेदी, बाबूलाल वर्मा, लाल चंद बरेसाह, पवन कुमार ओझा, राम द्विवेदी, तरुण कुमार, अतुल गुप्ता, प्राचार्य आशीष पांडे,उमेंद्र साहू सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## मवेशी से टकराकर सड़क पर गिरे स्कूटी सवार, एक की मौत

**अम्बिकापुर।** परिचित के साथ बैकुंठपुर अस्पताल आ रहे स्कूटी सवार मवेशी से टकरा कर सड़क पर गिर गए। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार चिरमिरी बड़ा बाजार इंदिरा नगर निवासी पंचू विश्वकर्मा आ. सुखनंदन (38 वर्ष) गत दिन परिचित शैलेन्द्र के साथ स्कूटी से बैकुंठपुर अस्पताल आ रहे थे। जैसे ही स्कूटी सवार बैकुंठपुर पहुंचे तभी मवेशी से टकरा जाने से अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने पंचू की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत, माता पिता गंभीर

शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पतराटोली निवासी हरिशचंद्र वासुदेव आ. दखल साय (53 वर्ष) गत दिन भाई टोबिन व माता-पिता के साथ बाइक से ग्राम सरिमा निवासी रिश्तेदार के यहां गए थे। दोपहर को एक बाइक में चारों वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम दोहना के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे चार पहिया के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में टोबिन को मामूली जबकि हरिशचंद सहित उसके माता पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बीती रात हरिशचंद्र की मौत हो गई। वहीं दखल साय व उसकी पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### ग्रामीण की संदिग्ध हालत में उपचार के दौरान मौत

बीमारी व पेट दर्द से पीड़ित ग्रामीण की संदिग्ध हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम भुलसी कला निवासी महेन्द्र तिग्गा (40 वर्ष) पिछले एक सप्ताह से पेट दर्द से पीड़ित था। गत दिन दर्द बढ़ जाने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 25 मई से 02 जून 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411